हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 नवंबर, 2025

11 धर्मशाला की टूटी चारदीवारी को लेकर गांव में विवाद


12 स्कूल गेम्स में मुस्कान 1500 मीटर दौड़ में रही अव्वल


**खबर संक्षेप**

### निनान में आज होगा रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**भिवानी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार 28 नवंबर को जिला प्रशासन द्वारा गांव निनान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रात्रि दरबार लगाया जाएगा, जिसमें उपायुक्त साहिल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार नागरिकों की शिकायतें सुनेंगे। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों को 28 नवंबर को सायं पांच बजे तक पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करें ताकि इनका मौके पर समाधान किया जा सके। नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि 28 नवंबर को निनान के राजकीय विद्यालय में डीसी गुप्ता ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे।

### डालावास गांव में आज रात प्रशासन सुनेगा समस्याएं

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल और पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी शुक्रवार को डालावास गांव के पंचायत घर में शाम साढ़े 5 बजे से रात्रि ठहराव करेंगे। इस दौरान गांव की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका समाधान भी किया जाएगा। साथ ही गांव के विकास को लेकर लोगों के सुझाव भी लिए जाएंगे।

### वार्ड 18 व 19 की कल सुनी जाएंगी समस्याएं

**भिवानी।** नगर परिषद द्वारा शनिवार को वार्ड संख्या 18 व 19 के लोगों की समस्याएं सुनने के लिए जीतू वाला जोहड़ श्याम बाग के समक्ष खुला दरबार लगाया जाएगा। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने बताया कि इस दौरान दोनों वार्डों के पार्षदों के अलावा नप के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान करवाए जाने का प्रयास किया जाएगा।

### तीन लाख तक सब्सिडी ऋण योजना शुरू

**भिवानी।** प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से विधवा, तलाकशुदा और कानूनी रूप से अलग रह रही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार हेतु सब्सिडी ऋण योजना शुरू की है। योजना के तहत समय पर किस्तों का भुगतान करने पर तीन वर्षों तक 100 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार रुपये ब्याज अनुदान राशि हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से ऋण लेने वाली महिला को दी जाएगी। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा बैंकों के माध्यम से तीन लाख रुपये तक का ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। इससे महिलाएं स्वयं का कार्य शुरू कर सकती हैं।

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में रखे 14 मामले

# पिचौपा कलां में अवैध माइनिंग पर कृषि मंत्री ने दिए जांच के आदेश

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न
- अवैध माइनिंग मामले में अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पिचौपा कलां में माइनिंग को लेकर जांच की जाएगी और अगर अलॉट की गई जमीन से ज्यादा पर अवैध रूप से माइनिंग मिलती है तो दोषी के खिलाफ कार्रवाई होगी। यह आदेश कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतें सुनते हुए दिए।

वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में कृषि मंत्री के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 14 परिवाद रखे गए, जिनमें से 10 परिवादों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया और 4 मामलों को लंबित रखते हुए निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार नागरिकों को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परिवादों का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित किया जाए और समाधान इस प्रकार हो कि परिवादी को पूरी संतुष्टि मिले।



चरखी दादरी। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में समस्या सुनते कृषि मंत्री। फोटो : हरिभूमि

### विधायक पातुवास ने भी अवैध माइनिंग पर रोष जताया

बैठक में मंत्री ने पिचौपा कलां में अवैध माइनिंग से संबंधित शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर मामले की जांच करने के निर्देश दिए और कहा कि रेवेन्यू रिकॉर्ड के अनुसार रोड को तोड़ने वाले को अपराधी मानकर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। जांच में अगर अलॉट की गई जमीन से ज्यादा पर माइनिंग मिलती है तो उस मामले में भी दोषी के खिलाफ कार्रवाई हो। साथ ही तोड़े गए रास्ते को तुरंत बनवाने की व्यवस्था करवाएं।मामले में विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि अलॉट की गई जमीन से ज्यादा पर अवैध तरीके से माइनिंग होना जांच का विषय है और इस मामले में बिना किसी देरी के जांच करवाकर उचित कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें ना केवल सरकारी राजस्व का घपला हो सकता है बल्कि इससे आस पास के लोगों की जमीन को भी नुकसान हुआ है।

### बिजली के टेढ़े पोलों की दें रिपोर्ट : सांगवान

वार्ड नंबर 11 वाल्मीकि नगर निवासी विजय चौहान की बिजली निगम से संबंधित टेढ़े पोल को हटवाने की शिकायत पर मंत्री ने विभाग के कार्यकारी अभियंता को कहा कि आठ महीने में शिकायतकर्ता की शिकायत पर अब समाधान किया है फिर भी पोल को टेढ़ा छोड़ दिया। उन्होंने कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि फिल्ड में उतरकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें। इसी मामले पर विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने कार्यकारी अभियंता कहा कि इस तरह के जो मामले ग्रीवेंस में नहीं आएंगे उनका समाधान कैसे होगा। मामला इस बैठक में आता है तभी समाधान होता है क्या। उन्होंने कहा कि दादरी में ऐसे कितने टेढ़े मेढ़े पोल हैं और समस्या का समाधान कितने समय में होगा। विधायक ने ऐतराज जताते हुए कहा कि अगली मीटिंग तक दादरी में बिजली के जर्जर पोल की रिपोर्ट दें और बताएं कि इनका समाधान कब तक होगा।

लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन का मामला

# बकाया मुआवजे के लिए भाकियू ने पूर्व मंत्री दलाल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

भाकियू पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व वित्त एवं कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल से मुलाकात कर उनको दादरी जिले के वर्ष 2023 के बकाया मुआवजा, लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन व भावांतर योजना का भुगतान करवाने की गुहार लगाई। पूर्व वित्तमंत्री ने मौके पर दूरभाष पर अधिकारियों से चर्चा कर किसानों को भरोसा दिया कि जल्दी से जल्दी बकाया मुआवजे की प्रक्रिया को सिरे चढ़ाने व अन्नदाता का भावांतर समय पर भुगतान करवाने का निर्देश दिया है। भाकियू अध्यक्ष हरपाल भांडवा ने प्रदेश के वित्त एवं कृषि योजना मंत्री जेपी दलाल को कस्बे में मुलाकात कर दिए मांगपत्र में बताया कि उपमंडल के किसानों को पिछले चार सीजन का मुआवजा बकाया है। वहीं किसानों के तीन से पांच लाख रुपये जमा होने के बावजूद उनको लंबित कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। प्राकृतिक आपदा की भेंट चढ़ी फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए नई -नई शर्तें थोपी जा रही हैं जो न्यायसंगत नहीं है। कस्बे के जुई रोड स्थित मंडी परिसर में जगह की कमी के कारण किसान मजबूरन सरसों व गेहूं अलग अलग जगह उतारने को मजबूर हैं। इससे किसानों को सबसे अधिक समस्या से जूझना पड़ रहा है। समय पर अनाज खरीद व भुगतान न होने से आम किसान को नगदी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।


बाढड़ा। पूर्व मंत्री से मुलाकात करते हुए किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

### प्रस्ताव लंबित

पूर्व वित्तमंत्री ने कहा कि उपमंडल क्षेत्र में साथ लगते चांदवास गांव की शामलाती भूमि का प्रस्ताव लंबित है जो सिरे चढ़ाने का प्रयस है। प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी किसानों के सच्चे हिमायती हैं और किसानों, युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए हरपल सजग रहते हैं। इससे पूर्व उन्होंने जजपा किसान सेल प्रदेशाध्यक्ष नरेश द्वारका की पुत्री के विवाह कार्यक्रम व पूर्व चेयरमैन भल्लेराम के आवास पर पहुंच कर उनकी माता के निधन पर शोक भी प्रकट किया। उनके अलावा पंचायत समिति चेयरमैन आनंद फौजी, ठेकेदार जयबीर काकड़ौली, मास्टर सतपाल श्योराण आदि मौजूद रहे।

सुंगरपुर के पूर्व सरपंच करण ने राजस्थान में किया बेटी का रिश्ता

# दूल्हे ने दहेज में मिल रहे 11 लाख रुपये लौटा समाज के सामने पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम क्षेत्र के गांव सुंगरपुर में एक प्रेरणादायक और सामाजिक जागरुकता बढ़ाने वाली घटना सामने आई है। सुंगरपुर के पूर्व सरपंच करण सिंह अपनी बेटी गीतांजलि का टीका लेकर राजस्थान के बेरी पहुंचे, जहां वर पक्ष की ओर से दूल्हे गोविंद सिंह पुत्र रणधीर सिंह ने दहेज प्रथा के खिलाफ एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। दूल्हे गोविंद सिंह ने दहेज में मिले 11 लाख रुपये लौटाते हुए शगुन के तौर पर सिर्फ 1 रुपया और एक नारियल स्वीकार किया। इससे गोविंद सिंह ने दहेज न लेकर समाज को यह सशक्त संदेश दिया कि “शादी रिश्तों से होती है, दहेज से नहीं।” उनका यह निर्णय दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पूरे क्षेत्र में इस पहल की प्रशंसा हो रही है।


तोशाम। दहेज वापस लौटाते हुए।

### पहल की प्रशंसा

कार्यक्रम में पूर्व सरपंच करण सिंह, सुधीर तंवर, सुभाष तंवर, समुंदर सिंह, जगदीश सिंह और आनंद सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने इस सकारात्मक संदेश का समर्थन करते हुए समाज से ऐसी पहल को अपनाने की अपील की है। यह घटना निश्चित रूप से सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल बनी है।

# कैमरों की निगरानी में रहेगा बस स्टैंड का हर कोना

▶▶ ▶▶ बस स्टैंड पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम जारी, दो-तीन दिन और लगेंगे ▶▶ ▶▶ हर यात्री व कर्मचारी की गतिविधि का दर्ज होगा ब्योरा, लापरवाही व चोरी की घटनाओं पर लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब बस अड्डे पर हर व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर रहेगी। चाहे दिन हो या रात, बारिश हो धुंध। हर मौसम में 24 घंटे बस अड्डे पर आने वाले हर वाहन या हर व्यक्ति की गतिविधियां नए आधुनिक सीसीटीवी कैमरों में दर्ज होती रहेगी। हालांकि अभी इस नई व्यवस्था को चालू होने में दो से तीन दिनों का और वक्त लग सकता है, लेकिन उसके बाद हर गतिविधियों का ब्योरा जीएम व टीम के कार्यालय में रखे कम्प्यूटर में दर्ज होता रहेगा। जब भी अफसर चाहेंगे, उसी दिन की सीसीटीवी फुटेज को खंगाल सकेंगे। फिलहाल बस अड्डे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का कार्य जोरों पर है। जल्द ही यह कार्य मुक्कमल होगा और उसके बाद हर गतिविधि का रोडवेज के पास रिकॉर्ड रहेगा।

उल्लेखनीय है कि रोडवेज बस अड्डे पर कुछ जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे थे। उनमें से कुछ खराब थे और कुछ काम भी कर रहे थे, लेकिन अब नई क्वालिटी के कैमरे लगाए जा रहे हैं। अब बस अड्डे पर पहुंचने वाले हर व्यक्ति का रिकॉर्ड रहेगा कि कि कौन आया और कौन गया। बस अड्डे के सभी बूथों, अड्डा परिसर तथा रोडवेज के बस अड्डे पर स्थित सभी कार्यालय की शाखाओं में होने वाले सभी कार्यों का ब्योरा दर्ज रहेगा।



भिवानी। बस अड्डे पर लगे सीसीटीवी कैमरे व परिसर में कैमरे लगाते हुए।

### लाउड स्पीकर भी बदले जा रहे

बस अड्डे पर सीसीटीवी कैमरे ही नहीं, बल्कि वहां लगे लाउड स्पीकर व अन्य इस तरह के उपकरणों को बदला जा रहा है। नए लाउड स्पीकर लगाए जा रहे हैं ताकि पूछताछ केंद्र से की जाने वाली मुनादी हर कोने में पहुंचे और सभी को सुनाई दे। इनके अलावा अन्य इस तरह के उपकरणों में भी बदलाव जारी है ताकि बस अड्डे पर पहुंचने वाले हर व्यक्ति को बेहतरीन सुविधा मिल सके।

## अब सरकारी कर्मचारी हररोज कार्यालय में करेंगे अनुलोम-विलोम

- थकान और मानसिक परेशानी को दूर करने के लिए बनाई संयुक्त योजना

**भिवानी।** सरकार के निर्देशानुसार सचिवालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को कुछ मिनट प्रतिदिन योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया जाएगा। इसके लिए जिला में डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार आयुष विभाग ने पूरी कार्य योजना तैयार कर ली है और योग सहायकों की ड्यूटी लगा दी गई है। आयुष विभाग से चिकित्सक डॉक्टर संजय वैद ने बताया कि हरियाणा सरकार, आयुष विभाग एवं योग आयोग हरियाणा के निर्देशानुसार पूरे हरियाणा में लघु सचिवालयों में प्रत्येक कार्य दिवस में कुछ समय के लिए योगासन एवं प्राणायाम करवाया जाएगा। इसके लिए डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार जिला में योग सहायक कविता, मंजीत और नवीन की ड्यूटी लगाई गई है, जो भिवानी लघु सचिवालय में दोपहर के समय अधिकारियों और कर्मचारियों को योगासन एवं प्राणायाम करवाएंगे। यह सब दिनभर की थकान और मानसिक परेशानी को दूर करने के लिए किया गया है।

सभी शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों व खंड कार्यालयों में बनाए जा रहे निःशुल्क आधार कार्ड

## क्रीड कर्मचारी निःशुल्क बनाएंगे आधार कार्ड व गलतियां करेंगे ठीक : एडीसी

- एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने क्रीड कर्मचारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने क्रीड कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे नागरिकों के निःशुल्क आधार कार्ड बनाने में लापरवाही ना बरतें। वे निर्धारित स्थान व समयानुसार निःशुल्क आधार कार्ड का बनाने व दुरुस्त करने का कार्य करें। लंबित आधार कार्ड के कार्य को अतिशीघ्र पूरा करें अन्यथा उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा अपने कार्यालय में क्रीड के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने बताया कि जिला के प्रत्येक नगर पालिका व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालयों में आधार कार्ड बनाने का कार्य निःशुल्क किया जा रहा है। नागरिक वहां पर जाकर अपना आधार कार्ड बनवा व दुरुस्त करवा सकते हैं। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी-कर्मचारी बवानीखेड़ा एमसी, बवानी खेडा ब्लॉक, तोशाम, सिवानी एमसी, लोहारू एमसी, लोहारू ब्लॉक में आधार कार्ड बनाने व योजनाओं के लाभ लेने से संबंधित त्रुटियों को निर्धारित समयानुसार कार्य को शीघ्र पूरा करें।

### शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

एडीसी ने नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा है कि वे अपने नजदीकी संबधित बीडीपीओ कार्यालय में जाकर अपना आधार कार्ड बिना किसी फीस के ठीक करवा सकते हैं। उन्होंने क्रीड कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे सभी लंबित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करें ताकि नागरिकों को योजनाओं की लाभ लेने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करने पड़े। यदि किसी क्रीड अधिकारी-कर्मचारी की लंबित कार्य में कोताही बरतने की शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पीड़ितों को निर्धारित समयावधि में मिले सहायता राशि : मीणा

- एसडीएम ने उपमंडल सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की समीक्षा बैठक में दिए अधिकारीयों को जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश

**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में वीरवार को एससी/एसटी से संबंधित उपमंडल सतर्कता एवं निगरानी समीक्षा कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। एसडीएम रवि मीणा ने बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ितों को निर्धारित समयावधि में सरकार द्वारा जारी हिदायतों अनुसार सहायता राशि प्रदान की जाए। इसके साथ ही एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज हुए केसों के क्रियान्वयन पर जरूरी कार्रवाई की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई एक्ट के तहत निराधार केस मिलता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

समीक्षा बैठक में एसडीएम ने डीएसपी को निर्देश दिए कि जिन केसों में चालान न्यायालय में प्रस्तुत किए जाते हैं, तो उसी समय उसकी एक प्रति तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय में भी भिजवाई जाए और चालान न्यायालय में जल्द से जल्द पेश किए जाए। केसों की ऑनलाइन प्रकिया करने में देरी न की जाए।

**धर्म** | गीता महोत्सव कल से, तीन दिन भंडारे व प्रसाद का होगा वितरण

सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

# गीता जयंती महोत्सव में पहले दिन लोकगायक बाली शर्मा देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

किरोड़ीमल पार्क में 29 नवंबर से एक दिसंबर को आयोजित होने वाले गीता जयंती महोत्सव में जहां एक तरफ विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की नवीनत्तम जानकारी दी जाएगी, वहीं दूसरी ओर सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा स्टॉल लगाई जाएंगी। गीता महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सुबह नौ बजे हवन-यज्ञ के साथ गीता महोत्सव का शुभारंभ होगा। हरियाणा के सुप्रसिद्ध लोक गायक एवं हिंद केसरी बाली शर्मा 29 नवंबर को अपनी प्रस्तुति देंगे।

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में गीता महोत्सव की तैयारियां चल रही हैं। इसके लिए डीसी गुप्ता द्वारा सभी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले स्कूल

गीता महोत्सव में 29 नवंबर को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, वैश्य मॉडल पब्लिक सीनियर सैकेडरी स्कूल, हालुवासिया विद्या विहार, केएम पब्लिक स्कूल, उतमीबाई आर्य कन्या सी.सै. स्कूल, महामति प्राणनाथ विद्या निकेतन स्कूल सांस्कृतिक प्रस्तुत देंगे। इसी प्रकार से 30 नवंबर को देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल देवसर, दा आर्यन स्कूल, भिवानी पब्लिक स्कूल, लिटल हर्ट पब्लिक स्कूल, जी लिट्रा पब्लिक स्कूल, राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल तथा एक दिसंबर को डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन लैब स्कूल, टीआईटी सी.सै. स्कूल, पंडित सीता राम शास्त्री सी.सै. स्कूल, जन सेवा विद्या विहार हाई स्कूल को सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा योग आश्रम बाबा मेलनाथ गौमठ लेघां के बच्चों द्वारा महंत राजनाथ के नेतृत्व में योगा पर एक डेमो का जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

### शोभा यात्रा में शामिल होने वाले विद्यालय

एक दिसंबर को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इनमें भिवानी पब्लिक स्कूल, दिल्ली वर्ल्ड स्कूल, जनसेवा विद्या विहार हाई स्कूल, द आर्यन स्कूल, सर्वपल्ली राधा कृष्णन लैब स्कूल, डीएवी पुलिस स्कूल, वैश्य मॉडल स्कूल, केएम स्कूल, लिटिल हर्ट स्कूल, हलवासिया विद्या विहार स्कूल, टीआईटी स्कूल, पंडित सीता राम शास्त्री स्कूल, शिशु भारती हाई स्कूल, जी लिट्रा स्कूल, राइजिंग स्टार स्कूल, ब्राईट स्टार स्कूल, जीडी गोयंका स्कूल शामिल होंगे।

### 30 नवंबर को ओम दुरेजा देंगे प्रस्तुति

गीता महोत्सव में प्रसिद्ध कलाकर भी अपनी प्रस्तुति देंगे। हिंद केसरी बाली शर्मा 29 नवंबर को प्रस्तुति देंगे तथा 30 नवंबर को ओम म्यूजिकल ग्रुप के ओम दुरेजा द्वारा भजनों के भाव विभोर करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।


**महोत्सव में दिखाई देगा स्वदेशी मेला:** गीता महोत्सव में जहां एक तरफ विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय आजीविका मिशन ग्रामीण व शहरी द्वारा स्वदेशी मेला भी लगाया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार की वस्तुएं का प्रदर्शन किया जाएगा।

## किरोड़ीमल पार्क में 29 से गूंजेंगे गीता के श्लोक




- महात्मा ज्योतिबा फूले ट्रस्ट ने स्कूलों में दिलाई गीता पाठ और नशामुक्ति की शपथ

**भिवानी।** किरोड़ीमल पार्क में 29 नवंबर से एक दिसंबर तक आयोजित होने वाले भव्य अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस महोत्सव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट ने एक विशेष प्रचार अभियान की शुरुआत की है। इसी कड़ी में ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी के नेतृत्व में वीरवार को प्रतिनिधिमंडल ने शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों का दौरा किया व विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार व समाजसेवी रिंकू ख्यालीराम ने बताया कि भिवानी के जीण विद्या मंदिर, केआर पब्लिक स्कूल और शारदा मिडल स्कूल में जाकर गीता जयंती महोत्सव का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर जीण विद्या मंदिर, केआर पब्लिक स्कूल और शारदा मिडल स्कूल के प्रतिनिधियों अमित धूपड़, मयंक कौशिक व संजय शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर नीलम चौहान, मोनिका, वंदना, मनीषा, बिंदिया, पूनम, आरती, रेख, पूनम राणा, संजू, कविता, दीपक, रमेश, उमा धूपड़, नीरज धूपड़, शिल्पा कामरा, हेमलता, ज्योति, सरिता, सीमा, आशा, निखिल, बादल, विकास, उषा, मीनाक्षी मौजूद रहे।



बच्चो, पहाड़ यानी माउंटेन हमारी पृथ्वी पर मौजूद विशाल, प्राकृतिक रूप से उठी हुई भौगोलिक संरचना होती है। ये हजारों लाखों साल से स्थिर खड़े हैं। दुनिया में एक से बढ़कर एक ऊंचे और खूबसूरत पहाड़ मौजूद हैं। जानो ऐसे ही कुछ खूबसूरत-ऊंचे पहाड़ों और पर्वत चोटियों के बारे में।

जानकारी

शिखर चंद जैन

# दुनिया के ऊंचे-ऊंचे खूबसूरत पर्वत-शिखर


बच्चो, आसमान को चूमते, बादलों को सहलाते हुए से ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बहुत खूबसूरत ही नहीं आश्चर्यजनक भी लगते हैं। इनके बर्फीले शिखर, हरी-भरी वादियों से सजी चढ़ाई और बेशुमार पेड़-पौधों से ढंकी घाटियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। यहां तुम्हें दुनिया के कुछ खूबसूरत-ऊंचे पर्वत शिखरों के बारे में बता रहे हैं।

**सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट, हिमालय:** माउंट एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,848.86 मीटर (29,031.7 फीट) है। नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित हिमालय के इस पर्वत शिखर को 'पृथ्वी का तीसरा ध्रुव' भी कहा जाता है। माउंट एवरेस्ट हिमालय पर्वत श्रंखला का हिस्सा है। इसे नेपाली में 'सागरमाथा' कहते हैं, जिसका अर्थ 'आकाश की देवी' है। तिब्बती भाषा में इसे 'चोमोलुंगमा' नाम से पुकारा जाता है, जिसका अर्थ है 'विश्व की देवी मां'। इसकी बर्फ से ढंकी चोटियां सूरज की रोशनी में जब चमकती हैं तो दूर से देखने पर किसी रत्नजड़ित सफेद मुकुट-सी दिखती हैं। अपनी ऊंचाई और खूबसूरती के कारण माउंट एवरेस्ट पर्यटकों और पर्वतारोहियों के आकर्षण का केंद्र हमेशा से रहा है।



आसान नहीं के2-गॉडविन ऑस्टेन पर चढ़ाई करना

**खतरनाक चढ़ाई वाला के2-गॉडविन ऑस्टेन, काराकोरम:** पाकिस्तान और चीन की सीमा पर स्थित के2 दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,611 मीटर (28,251 फीट) है। यह अपनी सुंदरता के लिए जितना जाना जाता है, उतना ही अपनी खतरनाक चढ़ाई के लिए भी। इसे 'सेवेज माउंटेन' भी कहा जाता है। के2 की चोटी एक पिरामिड जैसी दिखती है और यह काराकोरम रेंज में स्थित है। इसके चारों ओर ग्लेशियर और बंजर जमीन का नजारा इसे दुनिया के अन्य पर्वत श्रंखलाओं से अलग रूप प्रदान करता है। पाकिस्तान में विशाल बाल्टोरो ग्लेशियर पर चढ़कर इसके आधार तक पहुंचने के क्रम में यह कई मील दूर से दिखाई देता है। जैसे-जैसे पर्वतारोही इसके करीब पहुंचते हैं, यह पर्वत और भी अद्भुत और खूबसूरत नजर आता है।



भारत की सर्वोच्च और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी कंचनजंगा

**भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी कंचनजंगा, हिमालय:** भारत और नेपाल की सीमा पर स्थित कंचनजंगा भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,586 मीटर (28,169 फीट) है। इसका नाम तिब्बती मूल के चार शब्दों 'कांग-चेन-जो-नगा' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'महान हिम की पांच निधियां।' ऐसा माना जाता है कि इसमें सोना, चांदी, रत्न, अनाज और पवित्र पुस्तकें छिपी हुई हैं। यह पहाड़ अपनी बदलती रंगत के लिए जाना जाता है, सुबह और शाम के समय, सूरज की किरणें इसकी चोटियों को गुलाबी, नारंगी और सुनहरे रंगों से रंग देती हैं, जो देखने में बहुत ही जादुई लगता है।

**पिरामिड जैसा पहाड़ मैटरहॉर्न, आल्प्स:** स्विट्जरलैंड और इटली की सीमा पर स्थित मैटरहॉर्न, आल्प्स पर्वत का एक हिस्सा है। इसकी ऊंचाई लगभग 4,478 मीटर (14,692 फीट) है। इसकी चोटी एक नुकीले पिरामिड की तरह दिखती है, बिल्कुल वैसा ही जैसा तुम बच्चे ड्रॉइंग में माउंटेन बनाते हो। इसकी आकृति चारों तरफ से पिरामिड की तरह ही दिखती है, जो इसे और भी अट्रैक्टिव बनाता है। स्विट्जरलैंड के जर्मेट गांव से अगर इस पहाड़ को देखा जाए तो इसका नजारा किसी पहाड़ की पेंटिंग जैसा खूबसूरत लगता है। इसकी खूबसूरती को देखने दुनिया भर के पर्यटक और प्रकृतिप्रेमी इसके करीब आते हैं।



अत्यधिक खूबसूरत नजर आता है मैटरहॉर्न



अफ्रीका का सर्वोच्च पर्वत किलिमंजारो

**सुप्त ज्वालामुखी पर्वत किलिमंजारो:** तंजानिया में स्थित किलिमंजारो की ऊंचाई लगभग 5,895 मीटर (19,341 फीट) है। यह अफ्रीका का सबसे ऊंचा पर्वत है, जो वास्तव में एक विशाल सुप्त ज्वालामुखी है। इसकी चोटी पर हमेशा बर्फ जमी रहती है। यह अपनी चोटी पर मौजूद ग्लेशियरों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि इसके चारों ओर गर्म अफ्रीकी मैदान हैं। हेलीकॉप्टर से किलिमंजारो के क्रेटर (ज्वालामुखी का मुंह) और ग्लेशियरों का नजारा बेहद खूबसूरत दिखता है। *



टियरगार्टन शॉनब्रुन ज़ू, ऑस्ट्रिया

# कैसे होते थे दुनिया के शुरुआती चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर एक ऐसी जगह होती है, जहां तुम एक ही बाउंड्री के भीतर तरह-तरह के एनिमल्स और बर्ड्स देख सकते हो। क्या तुम जानते हो कि दुनिया का पहला जू कैसा था या शुरुआती चिड़ियाघर कैसे होते थे?

रोचक

नयनतारा

बच्चो, अगर तुम्हें वाइल्ड लाइफ यानी जंगली जीव-जंतुओं को देखने, उनके बारे में जानने में इंटरेस्ट है तो तुम अपने शहर या आस-पास के किसी शहर में जू यानी चिड़ियाघर जरूर घूमने गए होगे। जू में तुम ऐसे अनेक जंगली और दुर्लभ जानवरों को एकदम सामने से देख सकते हो, जिन्हें तुमने किताबों में या टीवी पर देखा होगा। लेकिन क्या तुम जानते हो दुनिया में इस तरह जू बनाने की शुरुआत कब और किसने की थी? आओ इस बारे में जानते हैं।

**पहला जू था-इंटेलिजेंस पार्क:** बच्चो, लगभग 3000 साल पहले एक चीनी बादशाह अपने राज्य में एक स्थान पर कई तरह के जानवरों को रखता था, जिसे वह 'इंटेलिजेंस पार्क' कहता था। उस चीनी राजा के कलेक्शन में जीवित जानवर ही थे या मृत, इसका प्रमाण नहीं मिलता है। ज्यादातर लोगों का यही मानना है कि वह राजा, जानवरों का अध्ययन करने के लिए और उनकी आदतें जानने के लिए उनको पालता था। इस लिहाज से देखा जाए तो शायद वही संसार का पहला जू था। आज भी जू में वाइल्ड एनिमल्स, बर्ड्स व रेप्टाइल्स (रेंगने वाले जीव) रखे जाते हैं, ताकि लोग उन्हें देखें-जानें और वैज्ञानिक उनका अध्ययन कर सकें।

**मनोरंजन का साधन थे पर्सनल जू:** समय बीतने के साथ गांव और शहर बड़े होते गए तो कुछ लोग जंगली जानवरों का शिकार कर या उन्हें कैदकर अपने घरों में लाकर रखते थे। लोग जंगली जानवरों को अकसर अपने पास पालते थे ताकि दिखाया जा सके कि वह कितने रईस और शक्तिशाली हैं। ऐसे लोग कभी-कभार लोगों को परमिशन देते थे ताकि लोग आकर उनके जानवरों का कलेक्शन देख सकें।

**पब्लिक जू बनाने की शुरुआत:** यूरोप में 9वीं शताब्दी की शुरुआत से ही पब्लिक जू बनने लगे थे। अगले 700 से 800 वर्षों के दौरान संसार के बड़े शहरों में कई सारे पब्लिक जू का निर्माण किया गया। वैसे, ऑस्ट्रिया के वियना में स्थित टियरगार्टन शॉनब्रुन को दुनिया का पहला आधुनिक चिड़ियाघर माना जाता है। यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची में शामिल यह चिड़ियाघर आज भी संचालित है। जहां तक संसार के सबसे बड़े और मशहूर चिड़ियाघरों की बात है तो इनमें टोरंटो जू (कनाडा), मॉस्को जू (रूस), सैन डिएगो जू (यूएसए), लंदन जू (इंग्लैंड), वेस्ट बर्लिन जू (जर्मनी) आदि शामिल हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# समझदार बनाती कहानियां

बच्चो, हाल में बाल कहानियों की एक किताब 'बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल जमा 27 कहानियां हैं। ये कहानियां हैं तो छोटी लेकिन इसमें तुम्हें समझदार इंसान बनने के लिए सरल ढंग से कई बड़ी बातें सीखने को मिल सकती हैं। किताब की शीर्षक कहानी 'बाल सभा पार्क' में तुम पढ़ोगे कि कैसे समझदार बच्चा अनुभव, अपनी युक्ति से कॉलोनी के पार्क को साफ-सुथरा करके खेलने योग्य बना देता है। 'ऐसे उतरा रील का भूत' में टिंकू की रील बनाने की आदत कैसे छूटती है, यह पढ़ सकते हो तो 'इम्यूनिटी से मुलाकात' में तुम पढ़ोगे कि अवि को कैसे समझ में आता है कि इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए? इसी तरह संग्रह की अन्य कहानियां पढ़कर तुमको यह भी महसूस होगा कि भले ही तुम अभी छोटे हो लेकिन अगर चाहो और सही दिशा में प्रयास करो तो बड़े बदलाव ला सकते हो। साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकते हो। *




**किताब:** बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां, **लेखक:** शिखर चंद जैन, **मूल्य:** 300 रुपए, **प्रकाशक:** प्रखर गूंज पब्लिकेशन, दिल्ली

## बूझो तो जानें

1. घर की रखवाली करता है,
वफादार कहलाता।
है मशहूर नींद इसकी तो,
देखें कौन बताता।।

2. गोलमटोल मगर छोटा सिर,
रंग है हल्का पीला।
काले धब्बे दिखते तन पर,
लेकिन खूब सजीला।।

3. 'मामा' कहकर इसे बुलाते,
रंग सुनहरा भूरा।
पेड़ों की डाली पर बैठा,
करता सबको घूरा।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.कुत्ता, 2.चीता, 3.बंदर

## जीके क्विज-181

1. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप फाइनल में पहला स्वर्ण पदक किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता?
2. मिस यूनिवर्स-2025 का खिताब किसने जीता?
3. एशियाई विकास बैंक का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. बटरफ्लाई शब्द का संबंध किस खेल से है?
5. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
6. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
7. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
8. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
9. बल का मात्रक क्या है?
10. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-181 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-180 का उत्तर :** 1.डेविड स्जेले, 2.नई दिल्ली, 3.नीतीश कुमार, 4.लखनऊ, 5.लॉर्ड डलहौजी, 6.नारायण पंडित, 7.विटामिन-ए, 8.सूर्य, 9.इंफाल, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-180 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, मान्या-दिल्ली, रमेश-बैकुंठपुर, दीपक-ईमेल से, हितेश-रायपुर, सौरभ-बिलासपुर, आंचल-दुर्ग, रोहन-महेंद्रगढ़, अंकित-रोहतक, आकाश-राजनांदगांव




नन्हे-मुन्नों के लिए कहानी

पुष्पा अंताणी

टिंकू ने घर में टंगी एक तस्वीर में समंदर में चलने वाला पानी का जहाज देखा। उसका मन हुआ, वह समुद्री जहाज में बैठकर सैर करे। टिंकू ने तुरंत समुद्री जहाज की व्यवस्था की। उसने स्वयं तो सैर की ही, अपने खिलौनों को भी सैर कराई। बच्चो, है ना अजीब बात! टिंकू के घर में कहां से आ गया समुद्र और समुद्री जहाज?

# जहाज में सवारी



नन्हा-सा टिंकू अपनी मम्मी के पास बैठकर दूध पी रहा था। उसकी नजर दीवार पर टंगी एक तस्वीर पर पड़ी। दूध का घूंट पीते हुए उसने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए पूछा, 'मम्मी, यह क्या है?'

'यह पानी का जहाज है।' मम्मी ने बताया। 'मम्मी, क्या पानी का जहाज समंदर में चलता है?' टिंकू ने पूछा।

'हां, बेटा।' मम्मी बोलीं।

'मुझे समंदर बहुत पसंद है, मम्मी। मुझे जहाज में बैठना है।' टिंकू मचलते हुए बोला। 'बेटा, तुम अभी बहुत छोटे हो, बड़े हो जाओ तब जहाज में बैठना।' मम्मी ने दूध का गिलास नीचे रखते हुए समझाया। 'मम्मी, क्या बड़ा होने में ज्यादा समय लगता है?' टिंकू ने नया सवाल किया। 'नहीं रे, तुम तो अच्छे बच्चे की तरह दूध पी लेते हो। तुम जल्दी बड़े हो जाओगे। अब जाओ, अपने खिलौनों से खेलो।' मम्मी टिंकू के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोलीं। टिंकू ने प्लास्टिक की थैली से अपने सारे खिलौने बाहर निकाले। उसके पापा कल ही छोटे-छोटे खिलौने लाए थे। तोता, चिड़िया, बंदर, मोर, बाघ, जिराफ, गैंडा, शेर जैसे कई जानवर और पक्षी थे। टिंकू खुशी से अपने इन नए दोस्तों को देख रहा था। उसे लगा कि वे सब उसे कह रहे हैं, 'हमें जहाज में बैठना है।' सबका एक साथ शोर सुनाई दिया। टिंकू अपने कानों पर हाथ रखते हुए बोला, 'शांत हो जाओ सब! मैं तुम सबको जहाज में बिठाऊंगा।' तभी दादाजी सैर करके घर में आए। टिंकू उनके पास भागकर आया। दादाजी के हाथ में एक बड़ा कागज देते हुए बोला, 'दादाजी, इस कागज से मेरे लिए एक बड़ी-सी बोट बना दो ना! बहुत बड़ी बोट।' दादाजी बोट बनाने लगे। टिंकू बाथरूम में गया, वहां से एक टब ले आया। उसमें पानी भरा। दादाजी ने बोट बनाकर टिंकू को दे दी। टिंकू ने बोट अपने खिलौनों को दिखाई। 'देखो, यह है हमारा जहाज।' उसने खिलौनों को टब में भरा पानी दिखाया और बोला, 'यहां है समंदर... चलो, सब तैयार हो जाओ। मैं तुम सब को जहाज में घुमाने ले जाऊंगा। रास्ते में खाने के लिए नाश्ता भी ले आता हूं।'

टिंकू मम्मी के पास जाकर सेव, मुरमुरे, चॉकलेट, बिस्कुट, बेर वगैरह ले आया। सब कुछ नाश्ते के डिब्बे में रख दिया फिर बोट को टब के पानी में उतारा। उसमें सब खिलौने को अच्छी तरह से बैठा दिया। टिंकू अपनी एक अंगुली से कागज की बोट को हल्का-हल्का धक्का मारने लगा। टब के पानी में गोल-गोल घुमाने लगा। टिंकू को लगा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं, नाच रहे हैं। उसने टब को थोड़ा धक्का मारा। पानी थोड़ा उछला। खिलौने भी एक-दूसरे पर गिरे। टिंकू ने खिलौनों को सावधान किया, 'शरारत मत करो। अभी समंदर थोड़ा तूफानी है। सब अपनी जगह बैठे रहो।'

टिंकू को लगा कि उसकी बात सुनकर सब खिलौने जरूरत से ज्यादा शांत हो गए हैं। इसलिए वह बोला, 'अब डरने की कोई बात नहीं है। समंदर शांत हो गया है।' सब खुश हो गए। टिंकू ने बोट के छह-सात चक्कर लगाने के बाद उसे रोक दिया और बोला, 'तुम सबको भूख लगी होगी ना, चलो, थोड़ा नाश्ता खा लो।'

टिंकू ने सब खिलौने बोट से बाहर निकाले और बोला, 'संभल कर उतरना, किसी का पैर फिसला तो सीधे समंदर में गिरोगे। यहां समंदर काफी गहरा है।' टिंकू ने सभी खिलौने के सामने नाश्ता रखा। उसने भी नाश्ता किया। थोड़ी देर सब ने आराम किया। फिर टिंकू बोला, 'चलो, अब वापस लौटने का समय हो गया है।' सभी दोस्तों को फिर से बोट में बिठा दिया। बोट को उल्टी दिशा में चलाने लगा। थोड़े चक्कर लगाने के बाद वह बोला, 'वापस आ गए।' टिंकू ने देखा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं। हर कोई मानो उसे कह रहा हो, 'वाह, टिंकू भैया! जहाज में बैठने और घूमने में बड़ा मजा आया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद!'

टिंकू सारे खिलौनों को प्लास्टिक की थैली में वापस डालते हुए बोला, 'जब मैं बड़ा हो जाऊंगा, तब एक बड़े और सचमुच के जहाज में बैठूंगा और बड़े समंदर में घूमने जाऊंगा।' टिंकू आज बहुत खुश था। *

**गुजराती से अनुवाद: सेतु अंताणी**

कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

# मोती ये कैसे हैं

बड़े सबेरे मुनियां रानी
मां को लगी जगाने।
देखो हरी घास पर बिखरे
मोती बड़े सुहाने।
मां ये मोती कितने सुंदर,
चमचम चमक रहे हैं।
सूरज की लाली में कैसे,
दमदम दमक रहे हैं।
रातों-रात भला किसने,
ये मोती यूं बिखराए।
इससे पहले कोई और
इन्हें चुनकर ले जाए,
मैं ही चुन लूं क्यों न इन्हें
मां, अपना हार बनाने,
गुड़िया को भी माला कंगन,
बना-बना पहनाने।
कुछ तुम भी अपनी चुनरी में
टांक सजा लेना मां,
जूड़े की पिन में ये मोती
खूब लगा लेना मां।
मुनियां मोती चुनने आई,
हंस कर और हुलस कर।
पर मोती कैसे थे जो,
छूते ही गिरे पिघल कर।



## रंग भरो-190

**रंग भरो-190** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



भव्य, धमतरी



माही, महासमुंद



फरहान, धमतरी



काव्या, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आद्या-उमरिया, प्रियंका-रायपुर, प्रवीण-भोपाल, किंशुक-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, तुषार-करनाल, अमन-बिलासपुर, आकाश-कोरबा

## रंग भरो 191



बच्चो, यहां पेंटिंग बना रही लड़की टीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

धानक धर्मशाला में चारदीवारी न बनने से रोष

# धानक धर्मशाला की टूटी चारदीवारी को लेकर बना विवाद
# सरपंच पर आरोप-झूठा श्रेय लेते हुए लटकाया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

कस्बे की धानक धर्मशाला में चारदीवारी बनाए बिना उसको बनाने का सार्वजनिक प्रचार किए जाने पर धानक समाज के लोगों में रोष फैल गया। समाज के लोगों ने कहा कि उन्होंने बार-बार ग्राम पंचायत के सरपंच से चारदीवारी बनाए जाने का अनुरोध किया, पर चारदीवारी तो बनाई नहीं लेकिन इसका समाचार पत्रों में प्रचार किया गया है। लोगों ने कहा कि सरपंच ने चारदीवारी बनाए जाने का प्रचार कर समाज के लोगों के साथ अन्याय किया है, जो सहन करने योग्य नहीं है।

वीरवार को धानक समाज के दर्जनभर लोग धर्मशाला परिसर में एकत्रित हुए। लोगों ने कहा कि उनके समाज की धर्मशाला करीब तीस साल पहले बनाई गई थी। धर्मशाला के निर्माण में पूरे बहल कस्बे के लोगों ने अपना सहयोग दिया था। पिछले करीब दो साल से धर्मशाला की चारदीवारी पुरानी होने के कारण कई जगहों से गिर गई है। इसको लेकर वे सरपंच से मिले और निर्माण किए जाने की मांग की, लेकिन चारदीवारी की हालत दिन प्रतिदिन क्षतिग्रस्त होती गई। ग्राम पंचायत ने चारदीवारी तो बनाई नहीं लेकिन समाचार पत्रों में ग्राम पंचायत के विज्ञापन में उसे बनाई दिखाई है जिससे समाज के लोगों में भारी रोष है।

लोगों ने कहा कि जब उन्होंने सरपंच से बात की तो सरपंच ने कहा कि वे चारदीवारी बनाने पर उस पर अपना बोर्ड लगाएंगे। जबकि समाज के लोग इस पक्ष में नहीं है। क्योंकि धर्मशाला का निर्माण ग्राम पंचायत ने नहीं करवाया है वरन पूरे बहल गांव के लोगों से सहयोग लिया गया है। ऐसे में वे ग्राम पंचायत का नाम कैसे अंकित करवा सकते हैं।


धर्मशाला की चारदीवारी न बनने का विरोध जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### धर्मशाला में इकट्ठे होकर जताया रोष

लोगों ने सरपंच को कहा कि जिस दिन ग्राम पंचायत उनकी चारदीवारी का निर्माण करवा दें उस दिन ही समाचार पत्रों में ऐसे विज्ञापन जारी करें। वीरवार को धर्मशाला में चारदीवारी को सही करवाने की मांग को लेकर प्यारे लाल नागर, आनंद भाबर, पवन बागड़ी, मुकेश बागड़ी, विक्की बागड़ी, दरियाव सिंह, महाबीर, मेवासिंह, विजय बागड़ी, सीताराम, शिव नागर, पंच राजबीर बागड़ी, पृथ्वी सिंह,धनसिंह, जगदीश, सतीश नागर, सत्यनारायण, मुकेश, सुरेश और राजकुमार ने एकत्रित होकर रोष जताया और जल्द से जल्द समाधान की मांग की।

### पीछे की चारदीवारी बनवाई थी : सरपंच

दूसरी तरफ सरपंच साधुराम पनिहार ने बताया कि वर्ष 2024 के बजट में धर्मशाला के पीछे की चारदीवारी निकाली गई थी। उस वक्त आगे की चारदीवारी सही थी इसलिए आगे की नहीं बनाई गई थी। बजट नहीं होने के कारण आगे की चारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ था। चारदीवारी पर नाम अंकित किए जाने जैसी कोई बात नहीं है।

## खबर संक्षेप

### नांगल चौधरी में याद किए बाबा साहेब

**नारनौल।** नांगल चौधरी के बीडीपीओ प्रांगण में भारतरत्न एवं संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर एवं संविधान समिति के सदस्य रणबीर सिंह हुड्डा की जयंती पर दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश माण्डैया ने की। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी से मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव एचपीसीसी जसवन्त सिंह सेहरावत, वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेश जोशी, एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह, एडवोकेट नवीन शर्मा, एडवोकेट बिहारी लाल यादव, एडवोकेट बंटी सैनी, एडवोकेट रमेश चंद्र गुर्जर, एडवोकेट भागीरथ बाईला मौजूद रहे।

### दिव्यांगजन संवेदना अनुभूति कार्यक्रम 3 को

**नारनौल।** विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से दिव्यांगजन संवेदना अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहल्ला चौधरियान में तीन दिसम्बर को किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राजकुमार यादव एडवोकेट करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रबंधक संगीता शर्मा, पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, शिक्षाविद् मनोज गौतम, शिक्षक अभिभावक संघ की सचिव सोनू भारद्वाज होंगा।

### कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन एक को

**नारनौल।** हरियाणा खेल विभाग की ओर से दो दिसंबर को जिला कुरूक्षेत्र के थीम पार्क में आयोजित होने वाली भारत केसरी व भारत कुमार पुरुष व महिला राज्य स्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता के लिए एक दिसंबर को सुबह नौ बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में पुरुष व महिला पहलवानों का चयन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जो पहलवान विजेता होंगे वे राज्य स्तरीय भारत केसरी व भारत कुमार में भाग लेंगे। पहलवानों को अपने जिले से संबंधित रियासी प्रमाण पत्र या बिजली का बिल, ड्राइविंग लाइसेंस आदि लाना जरूरी है।

## अभियान को लेकर सड़क पर उतरे कांग्रेसी, की नारेबाजी

# कांग्रेस ने महेंद्रगढ़ में किया प्रदर्शन बोले- जनता से अन्याय सहन नहीं

यह अभियान लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई: सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

महेंद्रगढ़ में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस जनसभा में मुख्य वक्ता के रूप में रणदीप सिंह सुरजेवाला व कुमारी शैलजा ने भाग लेकर आंदोलन को नई धार दी। प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दक्षिण हरियाणा के लोगों को स्पष्ट संदेश दिया है कि हरियाणा की सत्ता निर्माण में दक्षिण हरियाणा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए इस क्षेत्र के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जाति, धर्म और समाज के नाम पर नफरत का जहर फैलाकर दक्षिण हरियाणा को प्रभावित करने की नाकाम कोशिश की है, लेकिन अब समय आ गया है कि दक्षिण हरियाणा के लोग मानसिक व राजनीतिक रूप से और अधिक मजबूत हों, ताकि आप सभी के सहयोग से हरियाणा में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार स्थापित की जा सके। राव नरेंद्र सिंह ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने खुलकर बताया है कि किस प्रकार ईवीएम में गड़बड़ी, गलत एड्रेस जोड़ने, विदेशी नामों को मतदाता सूची में शामिल करने जैसे अनैतिक हथकंडों के जरिये 25 लाख वोटों की चोरी की गई। यह लोकतंत्र की खुली हत्या है। उन्होंने कहा कि भाजपा व उसके इशारों पर चलने वाला चुनाव आयोग लोकतंत्र और संविधान पर करारा प्रहार कर रहा है। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे घर घर जाकर लोगों को जागरूक करें कि हरियाणा में एक अवैध और असंवैधानिक सरकार स्थापित की गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसान आज सबसे अधिक पीड़ित है। एमएसपी नहीं मिलती, खाद बीज समय पर उपलब्ध नहीं, जिन किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया गया था।


नारनौल। वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी नेता। फोटो : हरिभूमि

### जनता को अधिकार दिलाने की मुहिम

वही कुमारी शैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह प्रदर्शन सत्ता हासिल करने की मुहिम नहीं है, बल्कि जनता को उनके अधिकार दिलाने की मुहिम है। आज भारतीय जनता पार्टी अपने कपट पूर्ण रुपैया के चलते जनता के मताधिकारों को वोट चोरी करके छीन रही है। हरियाणा में काबिज सरकार वोट चोरी कर जनता के अधिकारों पर डाका डालकर बनी है। भाजपा के लोग संवेदनहीन और अवसरवादी लोग हैं। पूरे देश में भाजपा का विरोध है, लेकिन फिर भी सरकारी क्यों बन रही हैं। यह एक सोच का विषय है।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर सतबीर झुकिया, राजेश संदलाना, मंजू चौधरी, अनीता यादव, डॉ. राज सुनेश, तोताराम, पुनीत बलान, राज, अजीत यादव, ऋषि यादव, हरीश सैनी, विक्रम अवाना व कांग्रेस के सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सरकार छीन रही है जनता के अधिकार : सुरजेवाला

रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के अथक संघर्ष से हमें यह आजादी मिली और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में बने संविधान ने इस देश की करोड़ों महिलाओं, किसानों, गरीबों, वंचितों को मताधिकार और समानता का अधिकार दिया, लेकिन आज भाजपा सरकार छल कपट के सहारे जनता के अधिकार छीन रही है। जब तक मताधिकार सुरक्षित है, तब तक सत्ता में बैठे लोगों की जवाबदेही तय होती है, लेकिन जब सत्ता खुद वोट चोर बन जाए, तो जनता अपनी आवाज भी बुलंद नहीं कर पाती। सुरजेवाला ने कहा कि बिहार में चुनाव के दौरान एसआईआर के नाम पर हजारों वोट काट दिए गए, हजारों फर्जी नाम जोड़ दिए गए और जब कांग्रेस ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा तो कोई जवाब नहीं मिला।

# ठुकराल स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित


लोहारू के ठुकराल स्कूल में भारत को जानो में हिस्सा लेते हुए विद्यार्थी।

- प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुडल के रणजीत व रमन ने प्रथम स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

भारत विकास परिषद स्थानीय शिवाजी शाखा द्वारा गुरूवार को ठुकराल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए निदेशक नरेश ठुकराल ने प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डाला।

निदेशक नरेश ठुकराल ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने नियमित अध्ययन कार्य के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयारी करते रहना चाहिए। उन्होंने भारत विकास परिषद की इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को भारत के बारे में जानने का अवसर मिलता है। भारत को जानो प्रतियोगिता की प्रकल्प प्रमुख श्रीमती सुखवंती देवी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में कुल पांच-पांच टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में वीर शहीद बनवारी लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुडल के रणजीत व रमन ने प्रथम , ठुकराल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के रवीना पुत्री संदीप कुमार व विरेन पुत्र प्रदीप कुमार ने द्वितीय स्थान, कनिष्ठ वर्ग में ठुकराल पब्लिक स्कूल के लीसा, प्रीत, खुस्वंत ने प्रथम स्थान तथा वीर शहीद बनवारी लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुडल के महेश व रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में क्विज मास्टर की भूमिका कुसुम पीजी ने निभाई। डॉक्टर सुरेश भारद्वाज, पवन पीजी, भारत विकाश परिषद के अध्यक्ष राजीव वत्स व सचिव पवन स्वामी ने विजेता टीमो को पुरस्कृत किया। इस मौके पर स्कूल निदेशक नरेश कुमार ठुकराल, शशी ठुकराल, प्रधानाचार्या सरोज शर्मा व उप प्रधानाचार्या सुखवंती व मुकेश शर्मा, सुनील कुमार, निखिल, अंतर कुमार, गीता अरोड़ा, रश्मि, सविता नरवाल, सविता, सरिता आदि सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## समाज को तोड़ने वाली ताकतों को पहचानकर दूर करें : बीरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में चल रही सद्भाव यात्रा ने वीरवार को अपने 54वें दिन भी बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए सामाजिक सद्भाव का मजबूत संदेश दिया। यात्रा की शुरुआत पंचमुखी चौक, झोझू से हुई। इसके बाद यह कलाली-बलाली, मुख्य मार्ग (आदमपुर), आदमपुर डाडी, दूधवा, दातोली से होते हुए चिडिया पहुंची। रात्रि विश्राम का आयोजन नेशनल हाईवे 152 डी विश्राम क्षेत्र में किया गया। बृजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में युवाओं की अनदेखी लगातार बढ़ रही है। सरकारी महकमों में हजारों पद खाली होने के बावजूद भर्तियां नहीं हो रहीं। उन्होंने बीजेपी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी ने समाज में विभाजन की रेखाएं खींच दी हैं। वोट की राजनीति के लिए भाईचारे में जहर घोला गया है। कांग्रेस इसी विभाजन को खत्म करने की लड़ाई लड़ रही है। 2024 का चुनाव बीजेपी इसलिए नहीं जीती कि जनता उनके साथ थी, बल्कि इसलिए जीती क्योंकि कांग्रेस समाज में पड़ी दरार को पूरी तरह भर नहीं पाई। बीजेपी से मुकाबला राजनीतिक मंच पर नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के बीच जाकर करना होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाईचारा हरियाणा की पहचान है। समाज में भाईचारे को तोड़ने की सोच सिर्फ छोटे दिल वाले लोगों की होती है और बीजेपी इसी दिशा में काम कर रही है। उन्होंने अपील की कि समाज को तोड़ने वाली ताकतों को पहचानकर उन्हें दूर करने की जरूरत है। इस मौके पर पूर्व सीपीएस रणसिंह मान, कांग्रेस जिला प्रधान सुशील धानक, दलबीर गांधी, जगत सिंह बाढड़ा, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कन्वीनर राजू मान, वीरेंद्र कुमार कांहड़ा, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. धर्मेंद्र ढिल्लों, लाजवंती (जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस जींद), बबली मान, राजबाला, किसान नेता रविन्द्र सांगवान, सुरजभान प्रधान, अशोक बंटी सरपंच, नरेंद्र इन्नी, अत्तर सिंह, प्रवीन, राजेंद्र पंच, मास्टर राजेंद्र, दिलबाग प्रधान, सुरेश पिलानिया, अर्जुन सिंह, रामबीर, विजय, संदीप, राजेंद्र सिंह, नीटू, कुंभाराम, कुरड़ाराम, हकीकत, बहादुर सिंह, दलबीर सिंह, बलबीर (पूर्व सरपंच), विजेंद्र, प्रदीप, संदीप मान आदि मौजूद रहे।


सद्भाव यात्रा में पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह अपने बेटे पूर्व सांसद बृजेंद सिंह के साथ।

# नागरिकों की शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करें अधिकारी : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


एसडीएम महेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों का हरसंभव मौके पर निपटारा सुनिश्चित करें। समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

एसडीएम महेश कुमार ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। एसडीएम के समक्ष बामला द्वितीय से नरेन्द्र ग्रेवाल ने गांव में तालाब के नजदीक लगे दो बिजली ट्रांसफार्मर को दूर किसी दूसरी जगह लगवाने बारे, बामला द्वितीय में पीने के पानी की समस्या दूर करवाने के लिए डिस्ट्रीब्यूटरी पर लगे पंप हाउस पर पूरी वोल्टेज दिलवाने बारे, अमर सिंह ने अवैध कब्जा हटवाने, डीसी कॉलोनी से प्रवीन कुमार ने दयालु योजना का लाभ दिलवाने, अलाउदीनपुर निवासी राजेन्द्र ने पीपीपी दुरुस्त करवाने, बामला निवासी रविन्द्र ने मैरिज सर्टिफिकेट बनवाने बारे, अनिल कुमार ने छोटूराम चौक पर टूटी हुई ग्रील ठीक करवाने, चंदाना निवासी कृष्ण ने गाड़ी की एनओसी दिलवाने बारे, बडेसरा निवासी हवासिह ने खेत का रास्ता खुलवाने तथा पवन ने बीपीएल कार्ड बनवाने की शिकायत रखी।

एसडीएम ने सभी शिकायतों को गौर से सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन शिकायतों का मौके पर ही निपटारा करने का हरसंभव प्रयास करें। समाधान शिविर में बीडीपीओ सोमबीर कादयान, यातायात प्रबंधक भरत सिंह परमार, ईओ राजाराम, वीएस राजेश ग्रेवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा गैर सरकारी सदस्य रामकिशन हालुवासिया व सुनील वर्मा नंबरदार, नरेन्द्र ग्रेवाल मौजूद रहे।

### आरईडी स्कूल में अंतर्सदनीय क्लब गतिविधियां करवाई

**चरखी दादरी।** आरईडी स्कूल चरखी में कक्षा तीसरी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण अंतर्सदनीय क्लब गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चारों सदनों गांधी, रमन, सुभाष व टैगोर के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस क्लब प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विभिन्न शैक्षणिक व प्रायोगिक कौशलों विकास करना था। ये गतिविधियां लिटरेरी, साइंटिफिक, सोशल एंड एनवायरमेंट, सामाजिक कार्य और संगीत व कला क्लबों के द्वारा आयोजित की गईं। इनमें हिंदी और अंग्रेजी की व्याकरण प्रश्नोत्तरी, सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी,गणित व विज्ञान प्रश्नोत्तरी, कंप्यूटर आधारित प्रश्नोत्तरी, स्पेल बी, डांस और पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में सभी सदनों के प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षावार तीसरी से पांचवीं कक्षा में टैगोर सदन प्रथम, रमन सदन द्वितीय व सुभाष सदन तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा छठी से आठवीं में गांधी सदन प्रथम, सुभाष सदन द्वितीय व टैगोर सदन तृतीय स्थान पर रहा।



## यूटीडी के विद्यार्थियों ने मनाई जीत की खुशी

# युवा महोत्सव में ट्राफी जीतने पर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के पुराने प्रांगण में युवा महोत्सव की जीत की खुशी मनाई। चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी द्वारा 7वें युवा महोत्सव उत्कर्ष 2025,का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रेम नगर स्थित कैंपस में 21 नवंबर से 23 नवंबर तक किया गया था।

इसमें यूटीडी भिवानी के युवा कलाकारों ने बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रनर ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया था। कलाकारों ने 5 विधाओं में प्रथम, 11 में द्वितीय व 6 में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए 22 विधाओं में अपना परचम लहराया था। कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्मानी ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग की निदेशिका डॉ. सोनल शेखावत ने विद्यार्थी कलाकारों को बधाई दी। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सुरेश मलिक व यूटीडी कल्चरल कॉर्डिनेटर डॉ अंशु ने भी हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ. लक्खा सिंह, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. रचना, डॉ. दीपक, वी.एम बेचैन, ज्ञानेंद्र राज, वीरेंद्र पहलवाल, वंशिका, अरविंद, रजत, संदीप एवं सभी विधाओं के डायरेक्टर व विजेता प्रतिभागी उपस्थित रहे।


युवा उत्सव में रनरअप की ट्राफी जीतने के बाद प्रतिभागियों का किया सम्मान।

## कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत 'हैप्पी क्लासरुम' वर्कशॉप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में सी.बी.एस.ई. बोर्ड के निर्देशानुसार कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत शिक्षकों के लिए 'हैप्पी क्लासरूम' वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को अपनी कक्षाओं को सुरक्षित, सकारात्मक और आनंददायक वातावरण में परिवर्तित करने के उपायों से अवगत कराना रहा। वर्कशॉप में रिसोर्स पर्सन के रूप में कॉमर्स आचार्या गीतिका अनेजा (सीनियर कोऑर्डिनेटर प्रयास इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत) व कंप्यूटर साइंस आचार्या पूजा मित्तल ने सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्र में विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं के अतिरिक्त शहर के जाने-माने विद्यालयों से भी 10 शिक्षक प्रशिक्षण का हिस्सा बने। संगीताचार्य गोविंद प्रताप मिश्रा के सानिध्य में आचार्या कोमल सोनी, रेखा ठाकुर, धीरू जावा द्वारा मां शारदा की वंदना प्रस्तुत की गई। मंच संचालन आचार्या गरिमा शर्मा ने किया।

**सूचना**

मैं सरोज पत्नी विनोद कुमार निवासी पुराने पावर हाउस के सामने पिलानी रोड लोहारू तह. लोहारू, जिला भिवानी, हरियाणा बयान करती हूं कि मैने अपना नाम बदलकर सरोज की जगह सरोज बाला (Saroj Bala) रख लिया है। भविष्य में मुझे सरोज बाला (Saroj Bala) के नाम जाना जाए। सरोज और सरोज बाला दोनों नाम मेरे ही है।

